डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 264 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 08 जुलाई 2024 | मूल्य 2 रुपया






## बस की टक्कर से बाईक सवार की मौत

**भानपुरा, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नगर के लेदी चौराहा पर रविवार को तेज रफ्तार यात्री बस ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक राजस्थान के झालावाड़ का रहने वाला था, जो भानपुरा किसी काम से आया था।

मिली जानकारी के मुताबिक घटना दोपहर करीब 12.30 बजे की है, जहां सरोज बस सर्विस नाम की निजी यात्री बस क्रमांक एमपी 14 जेडबी 7855 ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चालक पवन पिता राजू माली निवासी झालावाड़ राजस्थान की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को भानपुरा के स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया है। मृतक के परिजनों को सूचना दी गई। उनके आने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनो के सुपुर्द किया गया। मामले में पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम जांच शुरु की है। प्रकरण में बस ड्रायवर के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

## मछली ठेके पर कार्यरत चौकीदारों को पीटा, 5 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मछली पालन ठेके पर कार्यरत चौकीदारों के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। सिंदपन निवासी महेन्द्रसिंह ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि कनघट्टी गाडगिल सागर डेम पर मछली पालन ठेके पर चोकीदार का कार्य करता हूं, शनिवार को शाम जगदीश, ईश्वर, भंवरलाल, चतरमल व राधेश्याम बावरी अवैध तरीके से जाल डालकर मछली पकड रहे थे। मैंने व मेरे साथ चोकीदार चोथखेड़ी निवासी पन्नालाल गायरी ने मछली पकड़ने से मना किया तो पांचों आरोपियों ने गाली-गलौज की व लात-घुसों से मारपीट की। पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

# जैल में बंद 45 प्रतिशत कैदी मादक पदार्थों के तस्कर?

### नीत नए तरीके अपना रहे तस्कर, पुलिस-नारकोटिक्स भी हो जाती है कन्फ्यूज




**मंदसौर, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिला मुख्यालय पर स्थित जिला जैल में करीब 45 फीसद कैदी तस्करी के आरोप में बंद है। मतलब करीब 600 कैदियो में से लगभग 280 एनडीपीएस एक्ट के हैं। यहीं हालत नीमच की कनावटी जैल की है। वहां पांच सौ में से लगभग 270 कैदी एनडीपीएस एक्ट के है तो जावद उपजैल में 170 में से 90 एनडीपीएस एक्ट के कैदी है। दिन प्रतिदिन इनकी संख्या भी बढ़ रही है। पुलिस और नारकोटिक्स के लिए सबसे बड़ी परेशानी तस्करों द्वारा अपनाए जा रहे अलग-अलग तरीके से हो रहे हैं। मुखबीर तंत्र जरुर पुलिस-नारकोटिक्स का मजबूत माना जा सकता है। लेकिन, तस्करी के बार-बार बदलते तरीके लगातार कन्फ्युज कर रहे हैं। हालांकि कई ऐसी कार्रवाई पुलिस ने की है, जिसमें सोचा भी नहीं जा सकता था कि इस वाहन के इस हिस्से में मादक पदार्थ हो सकता है।

### महंगे वाहनों में तस्करी...

कई थानों में तस्करी में पकड़े महंगे वाहन भी है। लगातार कार्रवाई के बाद वाहनों को रखने के लिए थानों में जगह बनाना मुश्किल होता है। पुलिस वालों को हर तीन से छह महीने में यह एक्सरसाइज करना पड़ती है। क्योंकि, आए दिन अफीम या उसके सह उत्पादो की तस्करी के चक्कर में यहां वाहन जब्त होते रहते हैं। इन वाहनों में लाखों रुपए की लग्जरी कारे भी शामिल हैं। तस्कर महंगी एसयूवी खरीदते हैं, ताकि पुलिस को शक न हो। ऐसी कई गाड़िया पुलिस जब्त कर चुकी है। तस्कर पुलिस को चकमा देने के लिए वाहनों को मोडिफाई कर उसमें अफीम छिपाते हैं।

## राजस्थान से सटे मंदसौर-नीमच जिले में तस्कर हुए होशियार

### तत्कालीन विधायक ने उठाया था मुद्दा...

13 जनवरी 2018 को नारायणगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक एंबुलेंस से अफीम बरामद की थी। तब मंदसौर से तत्कालीन भाजपा विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने विधानसभा में इस मामले को उठाते हुए कहा था कि रतलाम, मंदसौर और नीमच जिले में एंबुलेंस से मादक पदार्थों की तस्करी हो रही है। इसके बाद यहां एंबुलेंस पर निगरानी बढ़ाई गई। हर एंबुलेंस की पड़ताल हुइ थी।

### 2015 के बाद डोडा चूरा भी प्रतिबंधित...

वर्ष 2015 से पहले तक डोडा चूरा भी किसानों से सरकारी स्तर पर खरीदा जाता था। वर्ष 2015 में सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के बाद इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया। लेकिन, किसानों से तस्कर इस डोडा चूरा को 2 हजार रुपए किलो में खरीदते हैं। प्रतिबंध से पहले तक गुजरात में 28 हजार लोगों को डोडा चूरा पीने का लाइसेंस मिला हुआ था। अचानक प्रतिबंध जरूर लग गया। लेकिन, इसकी डिमांड कायम है। पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में इसकी डिमांड बनी हुई है। तस्कर इसी डिमांड को महंगे दामों पर पूरा करते हैं।

### डोडा चूरा की तस्करी पर 10 से 20 साल की सजा...

डोडा चूरा भी नारकोटिक्स एक्ट के दायरे में आता है। यानी डोडा चूरा की तस्करी पर भी 10 से 20 साल तक की सजा का प्रावधान है। एक वरिष्ठ पुलिस अफसर कहते हैं कि डोडा चूरा का ठेका 2011 में 20 लाख रुपए का था। 2012 में 40 लाख और 2016 में वही ठेका 4 करोड़ रुपए में नीलाम हुआ था। इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि इसकी कितनी डिमांड मार्केट में थी। प्रतिबंधित होने के बाद अब इसकी कीमतें और बढ़ गई हैं।

### डोडा चूरा से भरी एंबुलेंस में आग, 3 की मौत...

नीमच-महू-नसीराबाद हाईवे पर नयागांव के कुछ पहले 31 मार्च 2015 को रात 3 बजे एक एंबुलेंस में आग लग गई। एंबुलेंस में सवार 3 लोग जिंदा जल गए थे। एंबुलेंस में साबुत डोडे भरे थे और तस्करी के लिए उसकी स्पीड भी ज्यादा थी। अचानक गलत दिशा से कार से भरा कंटेनर आ गया और दोनों वाहनों में भिड़ंत हो गई। इस वजह से कंटेनर में भरी 8 नई कारें भी जलकर राख हो गई थी। पुलिस ने डोडा मिलने के आधार पर तीनों मृतकों के खिलाफ भी तस्करी का मामला दर्ज किया था।

### पुलिस से बचने नई कारों में भी होती है तस्करी...

2019 में इंदौर-नीमच हाईवे पर नामली थाना क्षेत्र के भदवासा फंटे के पास पुलिस ने एक नई गाड़ी को रोका। इस कार में 45 किलो डोडाचूरा पाया गया। इस पर आरोपित सोनू उर्फ राहुल को गिरफ्तार कर डोडाचूरा व कार जब्त की गई थी।

### कुछ तरीके ऐसे भी आए सामने...

28 अगस्त 22 को मंदसौर के सीतामऊथाने में पुलिस ने तीन क्विंटल डोडाचूरा बरामद किया। पुलिस ने बगैर नंबर के ट्रैक्टर-टैंकर को रोककर तलाशी ली, तो टैंकर के अंदर पार्टिशन मिला। जिसके एक हिस्से में 3 क्विंटल डोडाचूरा मिला। मौके से टैंकर की पायलेटिंग कर रही एक बगैर नंबर की पिकअप भी जब्त की गई।

### पिकअप में बनवाते हैं गुप्त तहखाना...

5 सितंबर 22 को मंदसौर के नई आबादी थाने के मेनपुरिया फंटे पर पिकअप को पुलिस ने रोकने की कोशिश की। गाड़ी नहीं रुकी तो पुलिस ने पीछा करते हुए उसे सर्किट हाउस के पास पकड़ा था। जांच की तो पता चला कि पिकअप के एक हिस्से में गुप्त तहखाना बनाया गया है। उसे खोला तो 2 क्विंटल 46 किलो डोडा चूरा मिला था।

### पेट्रोल टैंक में भी छुपाकर रखी अफीम...

22 अप्रैल 22 को पिपलियामंडी थाना पुलिस ने कार के पेट्रोल टैंक में छिपाकर ले जाई जा रही 15 किलो अफीम जब्त की थी। जिसकी कीमत करीब 22 लाख रुपए थी। पहले तो तलाशी में कुछ नहीं मिला। लेकिन जब आरोपियों से सख्ती से पूछताछ हुई तो उन्होंने ही बताया कि पेट्रोल टैंकर में ही अलग चैंबर बनाकर उन्होंने 15 किलो अफीम रखी हुई है।

# नाहरगढ़ क्षेत्र में कानून व्यवस्था ध्वस्त, लूटेरे सक्रिय

### विगत दिनों खेत से पैदल घर जा रही महिला के गले से बदमाशों ने मंगलसूत्र लूटा, पुलिस गिरफ्त से दूर बदमाश





राजू सोनी

**नाहरगढ़, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नाहरगढ़ थाना क्षेत्र में इन दिनो कानून व्यस्था ध्वस्त होती दिख रही है। यहां लूटेरे सक्रिय है और पुलिस सुस्त नजर आ रही है। विगत दिनो खेत से घर जा रही एक महिला के गले से मंगलसूत्र छीनने वाले बाईक सवार बदमाशो का पता भी पुलिस नहीं लगा सकी है। जबकि, मामले में केवल आवेदन लेकर महिला को टरका दिया गया था।

बता दें कि बीती 01 जुलाई को नाहरगढ़ निवासी महिला रामकुंवर पति श्यामसुंदर धाकड़ शाम करीब 05.30 बजे अपने खेत से घर जा रही थी। इसी बीच बाईक पर आए बदमाशो ने उसके गले से मंगल सूत्र खींचकर सनसनी फैला दी थी। बाईक सवार बदमाश भी सुनसान रास्ते का फायदा उठाकर भाग निकला। लेकिन, सात दिन बीतने के बाद भी पुलिस चेन स्नेचर बदमाश को नहीं तलाश पाई। मामले में पीड़िता की शिकायत पर केवल एक आवेदन लेकर कर्तव्य की इति श्री कर ली गई।

इस वारदात के बाद से गांव की महिलाओं में जबरदस्त आक्रोश हैं। नाहरगढ़ नगर सहित थाना क्षेत्र के चौपालो पर इस घटना की चर्चा चारों तरफ हो रही है। नाहरगढ टीआई श्री आरसी डांगी जब से आए हैं। कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट दिखाई दे रही है। नाहरगढ़ टीआई की सुस्ती ही इसका कारण है। क्योंकि, किसी भी तरह का कोई भी मामला हो, कभी भी नाहरगढ टीआई में फुर्ती नहीं दिखाई देती है। देखना होगा कि नाहरगढ़ थाना पुलिस मंगल सूत्र लूटेरे बदमाशो का कब तक पता लगाकर अपनी सुस्ती दूर करती है।



मंडी गेट के यहां पाईप लाईन फूट रही है जिससे हजारों गैलेन पानी व्यर्थ में बह रहा है।




# बड़े अस्पतालों के बाद सीएचसी और सिविल अस्पतालों को पीपीपी मोड पर देने की तैयारी

**भोपाल, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के पांच जिला अस्पतालों अर्थात बड़े अस्पतालो को पीपीपी मोड पर देने के सरकार के निर्णय के बाद अब कुछ सिविल अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को भी पीपीपी मोड पर देने की तैयारी है। स्वास्थ्य संचालनालय इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर रहा है। शीघ्र ही इसे स्वीकृति के लिए कैबिनेट में लाया जाएगा। बड़े अस्पतालों की तरह इन स्वास्थ्य संस्थाओं में भी निजी निवेशक 25 प्रतिशत बिस्तर प्राइवेट रख सकेगा। सुविधाएं बढ़ाकर निवेशक इन बिस्तरों में भर्ती रोगियों से निर्धारित शुल्क वसूल सकेगा।

बतादें कि जबलपुर, भोपाल और इंदौर में कई सिविल अस्पताल शहर के बीच में होने के साथ ही साधन संपन्न हैं। यहां रोगियों की संख्या बड़े अस्पतालों की तरह रहती है। इसी तरह से दूसरे जिलों में कुछ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहुत अच्छी स्थिति में हैं। वहां सीजर डिलीवरी की सुविधा भी है।


### कैबिनेट से स्वीकृति मिलने के बाद बुलाएंगे ऑफर...

मापदंड के अनुसार पांच विषय विशेषज्ञ भी हैं। ऐसे में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग अब उन स्वास्थ्य संस्थाओं की सूची तैयार कर रहा है, जिन्हें पीपीपी मोड पर दिया जा सकता है। कैबिनेट से स्वीकृति मिलने के बाद इन्हें पीपीपी मोड पर देने के लिए ऑफर बुलाए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष मार्च में राज्य सरकार ने प्रदेश के पांच जिलों में निजी मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए वहां के बड़े अस्पतालों को पीपीपी मोड पर देने का निर्णय लिया था। इनमें कटनी, पन्ना और मुरैना में पीपीपी से कालेज खोलने के लिए निजी निवेशकों से ऑफर बुलाए गए हैं। दो अन्य स्थानों के लिए भी शीघ्र ही निविदा जारी करने की तैयारी है।

# कंजरों के बाद अब शिकारियों से परेशानी!

### रात के अंधेरे में राष्ट्रीय पक्षी को मारने के लिए किए फायर



**मंदसौर, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊ थाना क्षेत्र इन दिनो चर्चाओ में है। कुछ दिनों पहले कंजरों की आमद को लेकर चर्चा में आए थाना क्षेत्र में अब राष्ट्रीय पक्षी मोर के शिकारी चर्चाओ में है। क्षेत्र के गांव मुवाला में बीती रात राष्ट्रीय पक्षी मोर का शिकार करने आए लोगों ने हवाई फायर किए। ग्रामीणों की माने तो एक दो नहीं बल्कि कई फायर किए। इससे सहज रूप से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पुलिस कितनी सतर्क है।

जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय पक्षी मोर का शिकार करने आए बदमाशों ने रात में फायर किए। रात करीब 12.30 बजे ग्रामीणों को फायर की आवाज सुनाई दी। ग्रामीणों ने बताया कि मुवाला मुवाजर माताजी के मगरे पर जंगल में राष्ट्रीय पक्षी मोर का बड़ी संख्या में बसेरा है। ऐसे में बीती रात को जंगल होने के कारण कई शिकारी यहां पहुंचे और मोर के शिकार के लिए फायर किए। रात्रि करीब 12.30 बजे मगरे से ग्रामीणों को गोलियों की आवाज सुनाई दी। कुछ लोगों ने गांव के ही अर्जुन गेहलोत को सूचना दी। सूचना पर अर्जुन गांव के कुछ लोगों को लेकर मौके पर पहुंचा। रात के अंधरे के कारण गांव लदूना और कोचरियाखेड़ी के ग्रामीणों को अर्जुन ने फोन से सूचना दी। एक दर्जन से अधिक ग्रामीणजन मौके पर एकत्रित हुए। करीब एक घंटे तक ग्रामीण वहीं रूके। कुछ देर बाद फायर करने वाले लोग हवा में फायर करते हुए वहां से निकल गए। प्रत्यक्षदर्शी अर्जुन गेहलोत, दीपक शर्मा, प्रकाश, दयाराम, पृथ्वीराजसिंह, पीयूष, देवीलाल आंजना, रमेश आंजना, शिवनारायण आंजना, बाबूलाल, शंभूसिंह आदि मौजूद लोगों ने मोर का शिकार करने आए लोगों को देखा। मामले में पुलिस ने क्या कार्यवाही की यह पता नहीं चल सका।

# कलेक्टर बाथम के निर्देश पर स्कूल के विरुद्ध कारवाई

### चैतन्य टेक्नो स्कूल द्वारा नियम विरुद्ध विक्रय जा रही पाठ्य पुस्तके, स्कूल ड्रेस आदि जप्त




**रतलाम, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर राजेश बाथम के निर्देश पर नियम विरुद्ध कार्य करने वाले स्कूल के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई है। रविवार को राजस्व तथा शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए जिले के डेलनपुर स्थित श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल द्वारा नियम विरुद्ध तथा मनमानी कीमतों पर बेची जा रही पाठ्य पुस्तके तथा ड्रेस आदि जप्त की जाकर स्कूल के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

शिकायत मिलने पर जांच दल श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल पहुंचा जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी के.सी. शर्मा, तहसीलदार ऋषभ ठाकुर, नायब तहसीलदार उपाध्याय सम्मिलित थे। दल द्वारा स्कूल के ग्राउंड फ्लोर के तीन कक्षों एवं प्रथम तल के एक कक्ष में स्कूल ड्रेसेस तथा पाठ्य पुस्तकों का भंडारण पाया गया जिसमें 304 पैकेट में स्कूल ड्रेस, बेल्ट, टाई, मोजे, 295 पैकेट स्वेटर, कक्षा पहली से दसवीं तक की 366 बंडल पुस्तके तथा 9 पुस्तक पैकेट, तीन कॉपी के बंडल पाए गए। समस्त सामग्री सील करके जिला शिक्षा अधिकारी के सुपुर्द की गई है। कलेक्टर श्री बाथम ने कहा कि नियम विरुद्ध कार्य करने वाले स्कूलों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी। स्कूलों को चेतावनी दी गई है कि वे नियम विरुद्ध जाकर पाठ्य पुस्तकें, गणवेश आदि विक्रय का कार्य नहीं करें अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रीन फील्ड कॉरिडोर:मंदसौर को भी होगा लाभ



**मंदसौर, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश का झाबुआ जिला गुजरात सीमा पर स्थित है। यदि राजधानी भोपाल से सड़क मार्ग द्वारा झाबुआ जाना हो तो फिलहाल 6 घंटे से ज्यादा का समय लगता है। अब ये दूरी करीब आधी होने वाली है। लेकिन, इसके लिए ऐसा तीन साल का इंतजार करना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ से गुजरात को जोड़ने वाले एक्सप्रेस- वे नर्मदा प्रगति पथ का 867 किलोमीटर का कुछ हिस्सा मध्यप्रदेश से होकर गुजर रहा है। इसका थोड़ा हिस्सा 4 लेन होगा तो थोड़ा हिस्सा 6 लेन का रहेगा। इसे 2027 तक बनाने की डेडलाइन तय की गई है।

केवल नर्मदा प्रगति पथ नहीं बल्कि मप्र में ऐसे 5 और एक्सप्रेस-वे बनने वाले हैं। डॉ. मोहन यादव सरकार ने अपने पहले बजट में इन 6 एक्सप्रेस-वे को प्राथमिकता से पूरा करने का ऐलान किया है। सभी प्रोजेक्टस पर अगले 5 साल में 65 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस मेगा प्रोजेक्ट से मंदसौर जिले को भी जबरदस्त फायदा होने वाला है।

मालवा-निमाड़ विकास पथ को इंदौर-धार-आलीराजपुर कॉरिडोर के नाम से भी जाना जाता है। यह एक्सप्रेस-वे मंदसौर, उज्जैन, इंदौर और बुरहानपुर को जोड़ेगा। यह 450 किलोमीटर लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग इंदौर को आलीराजपुर से जोड़ेगा, जो राज्य के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में स्थित है। इस प्रोजेक्ट का एक हिस्सा गरोठ (मंदसौर) में दिल्ली -मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से उज्जैन तक 136 किमी निर्माणाधीन है। इसे ग्रीन फील्ड कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जा रहा है। यानी इसके रूट को हरे मैदान या खेतों के बीच से निकाला गया है। ऐसी जगह पर समतल जमीन और शहर से दूरी होने से लोकल ट्रैफिक बहुत कम होता है। ऐसे में लंबी दूरी के वाहनों की स्पीड पर असर नहीं होता। यही वजह है कि ग्रीन फील्ड कॉरिडोर में घुमाव अर्थात मोड़ काफी कम है। निमाड़ क्षेत्र में दूसरा हिस्सा इंदौर से इच्छापुर (बुरहानपुर) तक बनाया जा रहा है। इसकी लंबाई 215 किमी है। इसकी लागत 5400 करोड़ रुपए अनुमानित है। सरकार ने मालवा-निमाड़ विकास पथ का निर्माण सिंहस्थ 2028 से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

# कश्मीर में कहर बनकर टूटे सुरक्षा बल, 6 आतंकियों को किया ढेर, 2 जवान भी शहीद



**श्रीनगर, 07 जुलाई।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में चल रही दो अलग-अलग मुठभेड़ों में सुरक्षाबलों ने कम से कम छह आतंकवादियों को मार गिराया है। इस ऑपरेशन में दो जवान भी शहीद हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि रविवार 7 जुलाई को मुदरगाम मुठभेड़ स्थल पर एक और शव देखा गया। इसके बाद दोनों मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादियों की संख्या छह हो गई। आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक राष्ट्रीय राइफल्स के पैरा कमांडो लांस नायक प्रदीप नैन और हवलदार राज कुमार भी शहीद हो गए। कुलगाम जिले के दो गांवों चिन्नीगाम और मुदरगाम में शनिवार को मुठभेड़ शुरू हुई थी। इससे पहले, अधिकारियों ने बताया था कि चिन्नीगाम गांव में सुरक्षा बलों के साथ जारी मुठभेड़ में शनिवार को हिज्बुल मुजाहिदीन के एक कमांडर समेत चार आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया, चिन्नीगाम गांव में अभियान अभी भी जारी है। दोनों मुठभेड़ स्थलों पर ड्रोन और अन्य निगरानी उपकरण तैनात किए गए हैं। सुरक्षा बलों को कुलगाम जिले में एक दूसरे से लगभग 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित मुदरगाम और चिन्नीगाम गांवों में आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया था। तभी सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी।





# साध्वी समाहिता दीदी के सानिध्य में निकली सर्वधर्म जगन्नाथ जी की रथयात्रा

## जगह-जगह महिलाओं व भक्तों ने उतारी आरती, पुष्प वर्षा से किया स्वागत, उमड़ा आस्था का जन सैलाब

**नीमच, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** श्री जगन्नाथ जी रथ यात्रा समिति नीमच के तत्वावधान में जगन्नाथ पुरी उडीसा की जैसे नीमच में भी 7जुलाई रविवार को जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव जनप्रतिनिधियों ,जिला प्रशासन, एवं जन सहयोग से समाज जनों द्वारा अपार उत्साह के साथ मनाया गया।, कार्यक्रम में रथयात्रा समिति संयोजक राजेंद्र गर्ग पप्पी सर, संरक्षक शिवनारायण गर्ग , ओपी मंत्री, सुरेश चंद्र अजमेरा, संतोष चोपड़ा , ओम प्रकाश बंसल स्वतंत्र रोड लाइंस, शैलेंद्र गर्ग, सुरेश चंद्र अजमेरा, कमल गर्ग, मधुसूदन खंडेलवाल, राकेश भारद्वाज, प्रहलाद राय गर्ग, राजेश फरक्या, संतोष खंडूजा, दिलीप शर्मा एडवोकेट, मनोहर अर्जनानी, राजेश जायसवाल, जितेंद्र सोनी, हरभजन सिंह सलूजा ,मोहनलाल सैनी धन्नालाल पटेल ,रामप्रसाद चौधरी, राजेंद्र नरेडी सुनील काबरा कन्हैयालाल शर्मा, प्रकाश चंद्र गर्ग जेवी, मुरली मंडोवरा ,गणेश खंडेलवाल, अर्जुन जायसवाल, शैलेश जोशी, नवीन गह्वनी आदि सहित बडी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे । श्रद्धालु भक्तों ने दिव्य दर्शन एवं धर्म लाभ का पुण्य गृहण किया। श्री जगन्नाथ जी रथ यात्रा समिति नीमच के संयोजक राजेंद्र गर्ग पप्पी सर ने बताया कि 12वर्षों से यात्रा का आयोजन हो रहा है। सनातन धर्म के 19 समाजों की सहभागिता रही। 400 सक्रिय सदस्य सहयोग प्रदान किया। 400 अन्य सदस्य भी अप्रत्यक्ष रूप से सहयोगी बने । जगन्नाथ पुरी उडीसा की तरह नीमच में शाम 5 बजे तिलक मार्ग स्थित श्री राम जी मंदिर से 14 दिन बीमार होम क्वारंटाइन रहने के बाद भगवान जगन्नाथ जी ने भक्तों के कष्ट सहन कर मंदिर के पट बंद हो जाने के बाद भगवान जगन्नाथ जीअपने भक्तों को दर्शन देने हेतु रथ पर सवार होकर भगवान श्री कृष्ण जी, बलदेव जी की बहन सुभद्रा जी के आकर्षक प्रतिमा के साथ अपने भक्तों के बीच फूलों से श्रृंगार के साथ दर्शन देने हेतु शहर की सडकों पर निकलें। रथ यात्रा में दीदी मां साध्वी ऋतंभरा जी की कृपा पात्र शिष्या साध्वी समाहिता दीदी वृंदावन मथुरा सहित कई साधु-संतों का मार्गदर्शन सानिध्य एवं आशीर्वाद मिला। यात्रा रात्रि9 बजे श्री अग्रसेन वाटिका नीमच पर आरती के साथ विश्राम हुई।

मायापुर का सुंदरबनी के कारीगर द्वारा पोशाक बनाने के बाद पहली बार सतरंगी सिर्फ वृंदावन से मंगवाया गया था । नए रथ पर सवार होकर भगवान जगन्नाथ जी दिव्य दर्शन के लिए निकलें ।रथ यात्रा में आकर्षण का केंद्र जगन्नाथ जी का रथ पर भगवान श्री कृष्ण जी बलदेव जी सुभद्रा जी नए रथ पर सवार आकर्षक प्रतिमा बैंड बाजे ढोल के साथ रथ को श्रद्धालु भक्तों द्वारा रस्सी से खींचा गया । रथ का फूलों से श्रृंगार , विद्युत चालित मनमोहक झांकियां, कच्छी घोडी,लेझम पार्टी,झंकार मजीरा पार्टी, उज्जैन के ताशा पार्टी, अघोरी बारात, नासिक के ढोल, शिवपुराण , बालाजी आर्ट के मुकेश माली द्वारा तैयार की गई राधा कृष्ण,रास लीला, हनुमान जी द्वारा सीता जी को मुद्रिका भेंट, यशोदा मैया द्वारा छाछ बिलोना की स्वचालित झांकियां आदि भी प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा आकर्षक दुधिया रोशनी से जगमगा रही थी।परम भगवान जगन्नाथ जीअपने दर्शन लाभ देने हेतु निकले तो नीमच शहर में शांति सुख समृद्धि का अनुभव हुआ। अग्रवाल समाज के नरसिंह मंदिर को मौसी का घर बनाया गया । भगवान जलपान करने के बाद भक्तों को दर्शन हेतु आगे बढें। रथ यात्रा श्री राम मंदिर जाजू बिल्डिंग तिलक मार्ग श्री राम चौक गोपाल मंदिर नरसिंह मंदिर बारादरी चौराहा, फव्वारा चौक , सब्जी मंडी चौराहा, कमल चौक , भारत माता चौक, पुस्तक बाजार होते हुए अग्रसेन वाटिका पर आरती के बाद विसर्जित हुई। आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ। रथ यात्रा में अग्रवाल स्वर्णकार, माहेश्वरी , खंडेलवाल , सकल ब्राह्मण, पोरवाल , पूज्य सिंधी पंचायत ,पंजाबी , पाटीदार ,जायसवाल , सिख, फुल माली सैनी , विश्व हिंदू परिषद ,बजरंग दल, पाटीदार, साहू तेली , सेन , आर्य , यादव , राजपूत , जाटव , घाणीवार तेली , माली , चौरसिया , धाकड ,गुजर आंजना ,प्रजापति , समाज धोबी समाज एवं समस्त धार्मिक संगठन धार्मिक अनुषांगिक संगठन एवं समस्त सनातन धर्म सर्वजन सर्व समाज जन सहित 19 समाजों के सहयोग से निकाली गई। बडी संख्या में श्रद्धालु भक्त धार्मिक यात्रा में सहभागी बने और सामाजिक एकता प्रेम सद्भाव प्रदर्शित किया। भगवान जगन्नाथ जी रथ का मार्ग में अग्रवाल समाज नीमच,वस्त्र व्यवसाय कल्याण समिति, जिला मंडल, सकल ब्राह्मण कल्याण समिति पदाधिकारीयों द्वारा आरती एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

**सामाजिक एकता के बिना राष्ट्र का विकास नहीं हो सकता**–नरसिंहमंदिर पर अपने संबोधन में साध्वी समाहिता श्री जी ने कहा कि सर्व वर्गों में सामाजिक एकता के बिना राष्ट्र का विकास नहीं हो सकता है। मालवा की लाल माटी की पावन धरा क्रांतिकारी शहीदों की भूमि रही है यहां पर सनातन धर्म की एकता देखकर बहुत प्रसन्नता हुई।

## राज्यसभा सांसद बाल योगी श्री उमेशनाथ महाराज आज भगवान पशुपति नाथ के दर्शन करेंगे

**मंदसौर, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय संत बाल योगी श्री उमेशनाथ जी महाराज राज्यसभा सांसद बनने के बाद आज 8 जुलाई सोमवार को भगवान पशुपति नाथ की नगरी मंदसौर आगमन हो रहा है ।आप प्रात: 11:15 बजे भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन एवं पूजन अर्चन करेंगे और भक्तों से चर्चा करेंगे। तत्पश्चात आप यहां से भीलवाड़ा के लिए निर्धारित कार्यक्रम हेतू प्रस्थान करेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए नेशनल मीडिया फाउंडेशन के प्रांतीय अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल ने समस्त भक्तजनों से अनुरोध किया कि राज्यसभा सांसद , राष्ट्रीय संत श्री बाल योगी उमेश नाथ जी महाराज के आज मंदसौर आगमन के दौरान भगवान श्री पशुपति नाथ मंदिर परिसर में प्रात 11.15 बजे श्री शिवदर्शनलाल अग्रवाल धर्मशाला पर उपस्थित होए, वहा से सभी गुरुजी के साथ भगवान श्री पशुपति नाथ के दर्शन एवं पूजन अर्चन करने हेतू चलेंगे और पशुपतिनाथ मंदिर में संत श्री से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त करें।



# पौधरोपण की अपेक्षा कम खर्चीला है सीड बाल से पौधे उगाना- श्रीमती सिसौदिया

**मंदसौर, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** विगत दिन कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने शिक्षा विभाग के सभी कर्मचारियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने का निर्देश दिया था। माध्यमिक स्कूल की आदर्श शिक्षिका श्रीमती ललिता सिसोदिया ने निर्देश अनुसार सीड बाल से पौधे लगाने फैसला किया. और स्कूल बचों पढाई के पश्चात वह जनता को पौधे लगाने के लिए जागरूक भी कर रही है. और सीड बाल पौधे जानकारी आमजन से साझा कर रही। श्रीमती सिसौदिया ने बताया कि पौधारोपण की अपेक्षा सीड बाल से पौधे उगाने की तकनीक कम खर्चीली है। स्कूल परिसर, छात्रावास, गौशाला. तथा अन्य चिन्हित जमीन पर बारिश से पहले गड्ढे खुदवाते है फिर उनमें मिट्टी मिली हुई खाद डाली जाती है। इसके बाद बारिश में पौधरोपण होता है। इसकी अपेक्षा सीड बाल को सीधे जमीन में डाल दिया जाता है और पौधे आसानी से रोपित हो जाते हैं।



**ऐसे तैयार होता है सीड बाल**– आदर्श शिक्षिका श्रीमती ललिता सिसौदिया बताया कि इस तकनीक के बारे में कोरोना के समय मंदसौर के एक अधिकारी ने मीटिंग से जानकारी ली गई थीं। सीड बाल टेक्नोलॉजी से बीज में नमी को लंबे समय तक बनाए रखना संभव होगा और इससे बीज के अंकुरण की क्षमता भी बढ़ेगी। सीड बाल गीली मिट्टी, केंचुआ खाद, अन्य खाद, धान की भूसी व सरसों की खली से तैयार होती है। सभी चीजों को मिलाकर इसे गेंद की तरह बनाकर अंदर बीज डाल दिया जाता है फिर इसे धूप में सुखाकर भंडारित किया जाता है। बारिश शुरू होते ही इसे पौधरोपण करने वाली जगह फेंका जाता है।

**उब्बड़-खाबड़ जमीन पर आसानी से रोपित होंगे पौधे** –जहां की जमीन उब्बड़-खाबड़ है और वहां गड्ढे भी नहीं खोदे जा सकते। वहां पर यह तकनीक पौधरोपण में खासी कारगर साबित हो सकती है। सिर्फ एक श्रमिक द्वारा सीड बाल को जमीन में फेंककर पौधे उगाए जा सकते हैं।

**कोरोना के समय जिला मीटिंग में मिली थी तकनीक की जानकारी**– आदर्श शिक्षिका श्रीमती ललिता सिसौदिया बताया कि हमारे यहां हर साल पौधरोपण तो होता है लेकिन यह काम काफी खर्चीला होता है। हमें कोरोना के समय जिला के अधिकारी ने मीटिंग में जानकारी मिली कि सीड बाल तकनीक से कम खर्च में पौधे उगाए जा रहे हैं। इस पर तकनीक की जानकारी लेकर हमने सीड बाल तकनीक से करीब आठ हजार पौधे उगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसका कार्य प्रतिदिन जारी है. और पिछले वर्ष सात हजार सीड बाल बनाकर लोगों वितरित किए थे।



## वन महोत्सव पर 125 पौधारोपण

**पिपलियामंडी, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार 7 जुलाई को कबीर इंटरनेशनल स्कूल में वन महोत्सव मनाया गया ।वन महोत्सव पेड़ो के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोगो को पर्यावरण संरक्षण प्रयासों मे अधिक सक्रिय होने के लिए प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है ।

इसी को ध्यान में रखते हुए कबीर इंटरनेशन स्कूल में कक्षा पहली से दसवीं तक के छात्र-छात्राओं द्वारा 125 पोधो का पोधारोपण किया गया । कार्यक्रम मे विद्यालय के डायरेक्टर डॉक्टर कमलेश जी पमनानी ने बच्चो को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि ग्लोबल वार्मिंग के दुष्परिणामों को कम करने के लिए उच्च स्तर पर पौधारोपण करके हम जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने, पर्यावरण की रक्षा करने और मानव कल्याण को बढावा देने में मदद कर सकते है। इससे प्रभावित होकर सभी ने मिलकर यह शपथ ली कि हम सभी आज एक-एक नया वृक्ष अपने घर पर भी लगाएंगे। इस अवसर पर विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमति कोमल परमार एवम समस्त शिक्षक -शिक्षिकाऐ उपस्थित रहे।



## ज्ञानदासजी महाराज का स्वागत किया

**मंदसौर, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा व नरसिंगपुरा कुमावत के वर्तमान व पूर्व वरिष्ठ पदाधिकारिगणों ने कुमावत धर्मशाला रामटेकरी मंदसौर पर विगत दिवस श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर स्वामी श्री ज्ञानदासजी महाराज कुलगुरु कुमावत समाज भारत श्री पंच निर्मोही अखाड़ा, श्री दादुराम आश्रम उज्जैन का भगवान पशुपतिनाथ की नगरी आगमन पर कुमावत समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी व निःस्वार्थ समाज की सेवा करने वाले महानुभावों की अगुवाई में अति उत्साह के साथ कुलगुरु कुमावत समाज का आत्मीय स्वागत किया गया। कुलगुरु ने कुमावत समाज के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों व नरसिंहपुरा के सम्मानीय बंधुओं को आशीर्वाद दिया।


✻ उठावना ✻

अत्यंत दु:ख के साथ सुचित करने में आता है कि स्वर्गीय श्री अंबालाल जी गुप्ता के जेष्ठपुत्र व ओमप्रकाश, सूर्य प्रकाश ,स्वर्गीय रवि प्रकाश जी ,दयानंद, वेद प्रकाश के बड़े भाई साहब व प्रमोद के पिता जी व सार्थक के दादा जी श्री बंसीलाल जी गुप्ता एडवोकेट का दिनांक 06/07/2024 शनिवार को स्वर्गवास हो गया था जिनका उठावना दिनाक 08.07.2024 सोमवार को प्रात: 11:00 बजे जैन स्थानक, गोवर्धननाथ मंदिर के सामने, गली नं. 3,जीवागंज मंदसौर में रखा गया हैं।



✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻

समस्त गुप्ता परिवार

जीवागंज मंदसौर

9425977571, 9407436184, 9131059057


## विकास सूर्यवंशी बने शिवसेना मप्र के मंदसौर युवासेना जिला प्रमुख

**मंदसौर, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** हिंदू हृदय सम्राट शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे के आशीर्वाद से शिवसेना पक्ष प्रमुख उद्धव साहेब ठाकरे, युवासेना प्रमुख आदित्य साहेब ठाकरे, व राष्ट्रीय नेतृत्व के आदेशानुसार शिवसेना मध्यप्रदेश राज्य प्रमुख सुनिल जी शर्मा , युवासेना राज्यप्रमुख प्रभात पुरानिया, प्रदेश संगठन प्रमुख सुरेश जी करिया, उपराज्य प्रमुख रघुवीर बैरागी, नवीन कुमार जी ओझा मालवा प्रांत प्रभारी अनिल जी जोशी संभाग प्रभारी पप्पू जी तिवारी रघुवीर जी बेरागी, प्रदेश सचिव महेश शर्मा युवा सेना प्रदेश सचिव रवि राठौड़, आईटी सेल राज्य प्रमुख नाहर सिंह गौड द्वारा विकास सूर्यवंशी को शिवसेना युवासेना मंदसौर जिला प्रमुख के पद पर नियुक्त किया गया। शिवसेना मध्य प्रदेश परिवार आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है व आपसे अपेक्षा करती है आप धर्म हित में राष्ट्रहित में समाज व संगठन हित में कार्य करने के लिये सदैव तत्पर व अग्रणी रहेंगे।



# उत्तराखंड में भारी बारिश की आशंका, रोकी गई चार धाम यात्रा

**नई दिल्ली, 07 जुलाई।** जुलाई में मानसून देश के कई हिस्सों में मेहरबान है। साथ ही कुछ हिस्सों में आफत बन चुका है। पहाड़ी क्षेत्रों में हालत ज्यादा खराब है जहां भूस्खलन के कारण राजमार्ग बंद हो गए हैं। इसके साथ ही कुछ क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात भी बन गए हैं। मौसम विभाग की मानें तो अगले दो से तीन दिन तक उत्तर पश्चिम भारत और उत्तर पूर्वी भारत में अगले पांच दिनों तक भारी बारिश जारी रहेगी।





**चारधाम यात्रा पर संकट**– उत्तराखंड में जारी भारी बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए चारधाम यात्रा को स्थगित कर दिया गया है। मौसम विभाग ने राज्य में अत्यंत भारी बारिश का अलर्ट भी जारी किया है। अधिकारियें ने ऋषिकेश और विकासनगर प्रशासन को तीर्थ यात्रियों को चारधाम यात्रा के लिए रवाना न करने के लिए कहा है।

**दो लोगों की मौत**– भारी बारिश के बीच उत्तराखंड में भारी भूस्खलन की घटनाएं भी देखने को मिली है। चमोली में शनिवार को बदरीनाथ नेशनल हाईवे पर पहाडी से गिरे पत्थर की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, केदारनाथ मार्ग पर रुद्रप्रयाग में डोलिया देवी के समीप 20 घंटे तक 3,000 तीर्थयात्री फंस गए। भूस्खलन के कारण 300 से अधिक गांवों से संपर्क कट गया है।

**बारिश और भूस्खलन के कारण ऐसे हैं हाल**–✻भूस्खलन के कारण गंगोत्री राजमार्ग बंद। ✻ यमुनोत्री राजमार्ग भी घंटो रहा बाधित ✻ भूस्खलन के बाद फंसे 1000 तीर्थयात्री। ✻ रुद्रप्रयाग में बढ़ा नदियों का जलस्तर ✻ अलकनंदा व मंदाकिनी नदी खतरे के निशान से ऊपर।

**अमरनाथ यात्रा भी स्थगित**– गौरतलब है कि इससे पहले भारी बारिश के कारण पहलगाम व बालटाल मार्ग से जाने वाली अमरनाथ यात्रा को भी स्थगित कर दिया गया था। मौसम साफ होने के बाद ही श्रद्धालुओं को रवाना किया जाएगा।

**यहां होगी भारी से बहुत भारी बारिश**–मौसम विभाग के अनुसार आज आंतरिक दक्षिणी कर्नाटक, तटीय कर्नाटक, मध्य महाराष्ट्र,उड़ीसा के कुछ क्षेत्र और पूर्वी राजस्थान में भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान है। जबकि, असम और मेघालय में 9 और 10 जुलाई को, अरुणाचल प्रदेश में 10 जुलाई तक भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है।

## 4 लाख रू की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मंदसौर, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** विद्युत करण्ट से मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस को राजस्व पुस्तक परिपत्र कण्डिका 2(1) के तहत आर्थिक सहायता देने का प्रावधान है। जिसके तहत निवासी असावती तहसील शामगढ़ के नानूराम बलाई की विद्युत करण्ट से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारिस को 4 लाख रूपये की आर्थिक मदद मंजूर की गई है।

## देवस्थान भूमि को फसल के लिए लीज पर लेने के लिए नीलामी 11 जुलाई को

**मंदसौर, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** तहसीलदार तहसील मंदसौर नगर द्वारा बताया गया कि मंदसौर स्थित देवस्थान श्री राम मंदिर रामटेकरी मंदसौर की कस्बा मंदसौर में भूमि वर्ष 2024-25 के लिए फसल के लिए नीलामी 11 जुलाई 2024 को प्रात: 12 बजे की लगाई जाएगी। इच्छुक व्यक्ति नीलामी में हिस्सा लेने के लिए 25 हजार रूपये नीलामी पूर्व नगद जाम करवाकर बोली में हिस्सा ले सकते है।

## अवैध 400 क्वार्टर देशी शराब ले जाते हुए एक आरोपी गिरफ्तार , तीन फरार

**रतलाम, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिले में अवैध शराब की धर पकड़ के लिए पुलिस विभाग द्वारा चलाये जा रहे अभियान के बीच पुलिस को बडी सफलता मिली। पुलिस ने मुखबिर की सुचना पर दो पहिया वाहन से अवैध शराब ले जाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वही तीन आरोपी फरार चल रहे है। जानकारी के अनुसार आलोट पुलिस ने मुखबीर सूचना पर ग्राम खजुरी सोलंकी मे नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग शुरू की ,इस दौरान मोटर सायकल से आ रहे दो युवको को रोके जाने पर दोनो युवक मोटर सायकल पर रखे सफेद कट्टेमे भरे माल को छोडकर भागे जिनमे से पीछे बैठे व्यक्ति प्रेमसिंह पिता बगदुसिंह जाति सो. राजपुत उम्र 21 साल निवासी लसुडिया गोयल थाना झार्डा जिला उज्जैन को पुलिस ने पकड लिया।

वही मोटर सायकल का चालक अंधेरे का फायदा वाहन छोड़कर भाग गया। पकडे गये व्यक्ति से सफेद कट्टे मे भरे 400 क्वाटर देशी प्लेन शराब के कुल 72 बल्क लिटर कीमती 28000 रुपये व साथ ही शराब परिवहन मे उपयोग की गई होन्डा शाईन मोटरसायकील क्र. एमपी 70 एक्सवी 1323 को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर पुछताछ की जिसके द्वारा भागने वाले आरोपी का नाम गजेन्द्रसिंह जाति सो. राजपतु निवासी ढोढर थाना बडोद होना बताया। गिरफ्तार आरोपी प्रेमसिंह ने बताया कि उक्त शराब उसने विजेन्द्र सिंह निवासी आमलिया थाना बडोद जिला आगर मालवा से खरीदी थी। वही उक्त शराब सुमेर सिंह निवासी कलसिया बडा गावं थाना आलोट को बेचना बताया गया है। जिसके बाद पुलिस अन्य आरोपियो के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। प्रेमसिंह पिता बगदुसिंह जाति सो. राजपुत उम्र 21 साल निवासी लसुडिया गोयल थाना झार्डा जिला उज्जैन को गिरफ्तार किया है तथा गजेन्द्रसिंह जाति सो. राजपतु निवासी ढोढर थाना बडोद , सुमेर सिंह जाति सो. राजपतु निवासी कलसिया बडा गावं धाना आलोट , विजेन्द्रसिंह जाति सो. राजपतु निवासी आमलिया थाना बडोद जिला आगर मालवा फरार है ।

# आध्यात्मिक चेतना अभियान की संगोष्ठी सम्पन्न

**मंदसौर, 07 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा श्री ऋषियानंद आश्रम पर आध्यात्मिक संवाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिन्दी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष श्री कृष्णकुमार जोशी ने कहा कि सतत आत्म अवलोकन व सुधार की भावना से जीवन का परिष्कार होता है। आपने कहा कि जन्म के समय शिशु पवित्र एवं निरापद रहता है किन्तु उम्र के साथ उसके जीवन मे सांसारिक प्रवृत्तियां जुड जाती है। जो व्यक्ति जाने अनजाने जीवन से जुडी बुराईयो को तिरोहित करना चाहता है वह सतत् आत्म अवलोकन एवं प्रभु भक्ति के माध्यम से अपने जीवन का परिष्कार करे। श्री प्रकाश रातडिया ने कहा कि परमपिता परमेश्वर परब्रह्म श्रीकृष्ण की आराधना से जीवन मे आत्म कल्याण की राह सहज हो जाती है। साथ ही व्यवहार जीवन मे सुख शांति एवं आनन्द का अनुभव होता है। श्रीकृष्ण का जीवन मानव मात्र के लिये प्रेरणादायी है। संघर्ष मे समभाव, व्यवहार मे मैत्री भाव, चुनौती मे प्रखरता और ज्ञान मे परिपक्वता उनके जीवन की प्ररेणा है। उन्होने अपने जीवन व्यवहार के माध्यम से मानव जीवन का ध्येय और उसकी प्राप्ति के लिये अपेक्षित आचरण का बोध कराया। गीता का ज्ञान संसार के ज्ञान कोष का महत्वपूर्ण भाग है। साहित्यकार श्री गोपाल बैरागी ने कहा कि जो अपने कर्तव्य का निष्ठा व ईमानदारी से पालन करता है वही सबसे बडा भक्त होता है और प्रभु कृपा अर्जित करता है। आपने कहा कि सामान्य गृहस्थ जीवन मे भी सदाचरण के माध्यम से प्रभु भक्ति की जा सकती है। श्री राजकुमार जसवंत, श्री राजेन्द्र तिवारी, श्री नरेन्द्रपालसिंह राणावत, श्री अभय कुमार जैन एवं डॉ.प्रकाश चंदवानी ने विचार, भजन एवं गीत के माध्यम से प्रस्तुति दी। श्री यशवंत प्रजापति ने शुभ सन्देश का वचन किया। श्री कन्हैयलाल पण्ड्या, श्री मोहनसिंह चैहान, श्री विनोद नराणिया, श्री प्रहलाद मालवीय, श्री नरेन्द्र खण्डेलवाल, श्री धर्मेन्द्र चैहान ने संवाद मे सहभागिता की। ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ . रविन्द्र जोशी एवं आध्यत्मिक चेतना अभियान के संयोजक श्री विनोद शर्मा एडवोकेट ने स्वागत किया। संचालन श्री रमेश ब्रिजवानी ने व आभार प्रदर्शन श्री प्रकाश कल्याणी ने किया।


आवश्यकता है

दैनिक गुरु एक्सप्रेस

कार्यालय में ऑफिस बॉय की आवश्यकता है।

वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928. 8319964648


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356

समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in